**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**22 जून** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महोबा और हमीरपुर में विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास। कहा– डबल इंजन सरकार की नीतियों से विकास की राह पर तेजी से अग्रसर है बुन्देलखण्ड।
- उत्साह के साथ मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी में आयोजित कार्यक्रम में किया योगाभ्यास।
- प्रदेश के उन्सठ जिलों में नीट यूजी की पुनर्परीक्षा शांतिपूर्वक हुयी संपन्न। करीब साढ़े तीन लाख अभ्यर्थी हुए शामिल।
- प्रदेश के अधिकांश जिलों में पड़ रही भीषण गर्मी से जन–जीवन हुआ प्रभावित। अगले तीन–चार दिन तक गर्मी से राहत के नहीं है आसार।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नये भारत की तर्ज पर उत्तर प्रदेश ने भी अपनी नई और विशेष पहचान बनायी है। डबल इंजन सरकार की नीतियों से बुन्देलखण्ड विकास की राह पर तेजी से अग्रसर है। मुख्यमंत्री कल बुंदेलखंड के महोबा में 697 करोड़ रूपये से अधिक लागत की 88 विकास परियोजनाओं और हमीरपुर जिले में 636 करोड़ से अधिक लागत की 75 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

महोबा जिले की आध्यात्मिकता, ऐतिहासिकता और वीरता की चर्चा करते हुए कहा कि महोबा गुरु गोरखनाथ की साधना स्थली है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से गोरखगिरि पर्यटन स्थल के नए केंद्र के रूप में स्थापित हुआ है। श्री योगी ने कहा कि गोरखगिरि में रोपवे लगाया जायेगा और इसे एडवेंचर टूरिज्म के केंद्र के रूप में विकसित किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस क्रम में विभिन्न विकास योजनाओं से बुंदेलखंड को आच्छादित किया गया है। श्री योगी ने कहा कि जल्द ही बुंदेलखंड मिसाइल हब के तौर पर भी जाना जायेगा।

***उत्तर प्रदेश की डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में बनी हुई मिसाइल ने साबित करके दिखाया और उसका हब हम चाहते हैं आने वाले समय में हमारा महोबा बने, हमीरपुर बने, चित्रकूट बने, झांसी बने, ऊर्जा के केंद्र के रूप में विकसित हो और इसलिए विकास की इन योजनाओं को लेकर औद्योगिक निवेश के लिए भी हम लोगों ने एक औद्योगिक क्लस्टर यहां विकसित करने की करवइ को आगे बढ़ाया है। कार्यवाही बांध के जिन किसानों ने जमीन दी थी, वर्षों से इनकी भूमि का पैसा नहीं मिला था, उसको निस्तारित करके उसका भुगतान की कार्यवाही को संपन्न किया गया।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड में जल समाधान–संरक्षण, पर्यटन की संभावनाओं और कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए डबल इंजन सरकार काम कर रही है। इस अवसर पर महोबा के विकास को समर्पित लघु फिल्म भी दिखाई गई।

**********

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कल उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर देश ही नहीं, दुनिया भर में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता के ऐतिहासिक रेडरोड पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य समारोह से देश का अगुवाई की। श्री मोदी ने योगाभ्यास कर योग को दिनचर्या का अनिवार्य हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

***योग केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर ही फोकस नहीं करता, योग मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग दिखाता है, इसलिए योग के विषय में 'युक्त चेष्टस्य कर्मसु' कहा गया है। यानी हमें क्या करना चाहिए क्या नहीं करना चाहिए इसका बोध।***

प्रदेश में भी योग दिवस के अवसर पर सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुंदेलखंड के झांसी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए और योगाभ्यास कर निरोगी रहने का संदेश दिया।

***अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूरे प्रदेशवासियों को हृदय से बधाई देता हूँ । हम सब आभारी हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का जिन्होनें भारत की परंपरा को, भारत की विरासत को वैश्विक मान्यता देकर के भारत के लोगों को 140 करोड़ भारतवासियों को दुनिया के अंदर गौरव के साथ आगे बढ़ने और उसकी नीव तक विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए हम सब के लिए एक विजन प्रस्तुत किया है।***

इस अवसर पर लखनऊ के जनभवन में महिला योग सत्र आयोजित किया गया, जिसमें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के नेतृत्व में महिलाओं ने योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज और ब्रजेश पाठक लखनऊ में योग दिवस पर हुए कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।

**********

प्रदेश के 59 जिलों में आयोजित नीट–यूजी की पुनर्परीक्षा कल शाम शुचिता के साथ शांतिपूर्वक रूप से सम्पन्न हो गई। एक रिपोर्ट–

***देश के विभिन्न जिलों में बनाये परीक्षा केंद्रों पर करीब साढ़े तीन लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। यह मेडिकल प्रवेश परीक्षा उत्तर प्रदेश सहित देश के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में आयोजित की गई। इस परीक्षा में 22 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। इससे पहले 3 मई को हुई नीट की परीक्षा कथित पेपर लीक विवाद के वजह से रद्द कर दी गई थी। एनटीए ने परीक्षा को पारदर्शी, शांतिपूर्ण और नकलविहीन तरीके से कराने के लिये सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये थे। सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों से हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही थी। केन्द्रों पर मजिस्ट्रेट और पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात थे। समाचार कक्ष से फज़ल इनाम।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि मौसम की अनिश्चितता और मानसून की संभावित अनियमितता को देखते हुए प्रत्येक प्रदेशवासी को जल संचयन एवं जल संरक्षण के प्रयासों से जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि पानी की एक भी बूंद व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। 'कैच द रेन' अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए तथा वर्षाजल संचयन को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ा जाए।

**********

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कल प्रयागराज में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इन सभी से संवाद करते हुए श्री मौर्य ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में कई योजनाएं जारी हैं। उन्होंने खिलाड़ियों और खेल संगठनों के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि वह खिलाड़ियों के सहयोग के लिए तैयार हैं ताकि प्रयागराज सहित सभी जिलों के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

**********

केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित उस दावे का खंडन किया है जिसमें कहा गया था कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 6 हजार 550 रुपये के प्रोसेसिंग शुल्क पर 10 लाख रुपये तक का ऋण दिया जा रहा है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने इसे पूरी तरह से फर्जी बताया है।

**********

राज्य सरकार ने आदिवासी बाहुल्य सोनभद्र जिले में 257 करोड़ रुपए लागत से 86 किलोमीटर लम्बी सड़कों का जाल बिछाने का फैसला किया है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क निर्माण के संबंध में जल्द ही सर्वे और टेंडर प्रक्रिया संपन्न करा कर सड़क निर्माण का कार्य शुरू करा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इन सड़कों के बन जाने से सीमावर्ती चार राज्यों से कनेक्टिविटी बेहतर हो जाएगी। इस कनेक्टिविटी से उद्योगों के लिए कच्चे माल और तैयार उत्पादों की ढुलाई में लोगों को आसानी होगी।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। कई जिलों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री से अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है। गर्मी के चलते जन–जीवन प्रभावित हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार गर्मी का यह सिलसिला अगले तीन–चार दिन तक जारी रहेगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में महीने के अन्त तक मानसून के पहुंचने की सम्भावना है। उधर, प्रदेश में बढ़ते तापमान और लू की स्थिति को देखते हुए, राज्य सरकार ने बेसिक शिक्षा परिषद से जुड़े स्कूलों और मान्यता प्राप्त स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश को चौबीस जून तक बढ़ा दिया है। इसे लेकर शासन से जारी निर्देश के अनुसार अब हर साल गर्मियों की छुट्टियां बीस मई से चौबीस जून तक रहेंगी और नियमित शैक्षणिक गतिविधियां पचीस जून से शुरू होंगी । हालांकि शिक्षक, शिक्षा मित्र , प्रशिक्षक और गैर–शिक्षण कर्मचारी बाइस, तेइस और चौबीस जून को स्कूलों में उपस्थित रहेंगे।

**********